आकाशवाणी केन्द्र शिमला

25.05.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1800 बजे

चुनाव प्रचार

प्रदेश में पहली जून को होने वाले लोकसभा चुनाव व विधानसभा उपचुनाव में अब 6 दिन शेष रह गए हैं और ऐसे में चुनाव प्रचार चरम पर पहुंच गया है। इन चुनावों के लिए 30 मई को खुलेआम चुनाव प्रचार बंद हो जाएगा। भाजपा व कांग्रेस दोनों ही प्रमुख दलों के शीर्ष केंद्रीय नेता इन दिनों प्रदेश में चुनाव प्रचार कर रहे हैं। कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित कई बड़े नेताओं ने आज प्रदेश में चुनाव प्रचार किया। इसके अलावा कांग्रेस नेता राहुल गांधी भी कल प्रदेश में दो रैलियों को संबोधित करेंगे।

अमित शाह

वरिष्ठ भाजपा नेता व केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज प्रदेश में दो चुनावी रैलियों को संबोधित किया। हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के तहत ऊना के अम्ब में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए अमित शाह ने पार्टी प्रत्याशी अनुराग ठाकुर के पक्ष में मतदान की अपील की। उन्होंने कहा कि अनुराग ठाकुर ने हमीरपुर संसदीय क्षेत्र का भरपूर विकास करवाया है और उन्होंने हर क्षेत्र में नाम रोशन किया है। अमित शाह ने कहा कि अनुराग ठाकुर प्रदेश की आवाज को पुरजोर ढंग से संसद में उठाते रहे हैं और वे केंद्र से कई बड़ी परियोजनाएं प्रदेश को लाए हैं। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि मोदी सरकार के कार्यकाल में देश में भ्रष्टाचार व आतंकवाद का खात्मा हुआ है और दुनिया भर में भारत की साख बढ़ी है। उन्होंने कहा कि वन रैंक वन पैंशन लागू करना, अनुच्छेद 370 हटाना, अयोध्या में श्री राम मंदिर का निर्माण, तीन तलाक को समाप्त करना, आयुष्मान भारत योजना और प्रधानमंत्री उज्जवला योजना मोदी सरकार की कुछ मुख्य उपलब्धियां हैं।

केंद्रीय सूचना व प्रसारण मंत्री व पार्टी प्रत्याशी अनुराग ठाकुर ने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी सरकार ने लोगों से किए गए हर वायदे को पूरा किया है। उन्होंने कहा कि नए भारत के निर्माण में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का विशेष योगदान है और उन्होंने आंतकवाद व अलगाववाद को समाप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि जो काम कांग्रेस पार्टी आज तक नहीं कर पाई, वो मोदी सरकार ने 10 वर्षों में कर दिखाया है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने हमेशा हिमाचल के हितों की रक्षा की है।

बाद में अमित शाह ने कांगड़ा में पार्टी प्रत्याशी राजीव भारद्वाज के पक्ष में भी चुनावी जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने दावा किया कि अभी तक हुए चुनावों में भाजपा 3 सौ से अधिक सीटें जीत चुकी है और सातवें व अंतिम चरण का मतदान पूरा होने पर एनडीए को 4 सौ से अधिक सीटे मिलना तय है। अमित शाह ने कहा कि इंडी गठबंधन भ्रष्टाचारी नेताओं का गठबंधन है और ये सभी लोग व्यक्तिगत लाभ के लिए इकट्ठा हुए हैं। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने आपदा के समय हिमाचल को 3 हजार दो सौ करोड़ रुपए भेजे जबकि प्रदेश सरकार ने उसका दुरूपयोग किया है।

स्वीप कार्यक्रम

प्रदेश में मतदाताओं की शत प्रतिशत सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से निरंतर विभिन्न स्वीप गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज सोलन में एक जागरूकता रैली निकाली गई जिसे अतिरिक्त उपायुक्त अजय कुमार यादव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि इस जागरूकता रैली के माध्यम से बच्चों ने मतदाताओं को वोट डालने के लिए प्रेरित किया। इस रैली में लगभग 3 सौ स्कूली बच्चों ने भाग लिया।

खड़गे

कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने आज शिमला संसदीय क्षेत्र के तहत रोहड़ू में चुनावी रैली को संबोधित किया। उन्होंने मतदाताओं से पार्टी प्रत्याशी विनोद सुल्तानपुरी के पक्ष में मतदान की अपील की। खड़गे ने दावा किया कि देश की जनता बदलाव चाहती है और अगली सरकार इंडी गठबंधन की बनने जा रही है। कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि भाजपा ने पिछले 10 वर्षों में जनता से जो वायदे किए हैं, उनमें से एक भी वायदा पूरा नहीं किया गया है। उन्होंने भाजपा पर लोकतंत्र को कमजोर करने का आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा देशभर में सरकारें गिराने का काम कर रही हैं और हिमाचल में भी ऐसा ही असफल प्रयास किया गया। मल्लिकार्जुन खड़गे ने दावा किया कि पूर्व यूपीए सरकार ने लोगों से किए गए हर वायदे को पूरा किया और कर्नाटक व तेलंगाना में भी कांग्रेस सरकारों ने अपने वायदे पूरे किए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने इस लोकसभा चुनाव में महिलाओं, युवाओं और गरीबों के लिए पांच न्याय गारंटी दी है जो हर हाल में पूरी की जाएंगी।

———————————